Azadi Ka Amrit Mahotsav

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

PRESS RELEASE

27/07/2023 अखिल भारतीय

भारतीय जीवन बीमा निगम ने नई योजना एलआईसी जीवन किरण (योजना संख्या 870) प्रस्तुत की

भारतीय जीवन बीमा निगम ने एक नई योजना, एलआईसी जीवन किरण (योजना संख्या 870) प्रस्तुत की है, जो 27 जुलाई 2023 से प्रभावी होगी। एलआईसी की जीवन किरण एक व्यक्तिगत, बचत व जीवन बीमा योजना है। एलआईसी के जीवन किरण की विशिष्ट पहचान संख्या (यूआईएन) - 512N353V01 है।

- यह योजना प्रीमियम की वापसी के साथ जीवन कवर प्रदान करती है।
- उचित लागत पर उच्च जीवन कवर की इच्छा रखने वाले संभावित ग्राहकों के लिए उत्कृष्ट उत्पाद ।
- यह योजना 18 वर्ष के युवाओं से लेकर 65 वर्ष की आयु तक के लिए उपलब्ध है ।
- मध्यम जीवन कवर के लिए योजना में न्यूनतम बीमा राशि 15 लाख रुपये है।
- पॉलिसी अवधि 10 वर्ष से 40 वर्ष तक उपलब्ध है ।
- धूम्रपान करने वालों व धूम्रपान न करने वालों के लिए प्रीमियम दरें अलग-अलग हैं ।
- प्रीमियम का भुगतान एकल प्रीमियम के माध्यम से या नियमित प्रीमियम के माध्यम से किया जा सकता है जो पॉलिसी अवधि के लिए देय है
- 50 लाख रुपये से अधिक की बीमा राशि के लिए, सारणीबद्ध प्रीमियम पर छूट उपलब्ध है।
- नियमित प्रीमियम पॉलिसियों हेतु न्यूनतम किस्त प्रीमियम रु. 3000/- और एकल प्रीमियम पॉलिसियों के लिए रु. 30000/- होगी।

परिपक्वता होने पर :

बीमित व्यक्ति के परिपक्वता की तिथि तक जीवित रहने की स्थिति में, बशर्ते कि पॉलिसी जारी है , यह अवधि (टर्म) बीमा योजना किसी भी अतिरिक्त प्रीमियम, किसी भी राइडर प्रीमियम और भुगतान किए गए करों को घटाकर भुगतान किए गए कुल प्रीमियम/भुगतान किए गए एकल प्रीमियम की वापसी की जाएगी ।

मृत्यु होने पर:

पॉलिसी अवधि के दौरान मृत्यु के स्थिति में, बशर्ते कि पॉलिसी जारी है , 'मृत्यु पर बीमा राशि' देय होगी जो निम्नलिखित होगी :-

(क) नियमित प्रीमियम भुगतान पॉलिसियों के लिए :- वार्षिक प्रीमियम का अधिकतम 7 गुना या मृत्यु की तारीख तक "भुगतान किए गए कुल प्रीमियम" का 105% या मूल बीमा राशि में से जो भी अधिक हो ।

(ख़) एकल प्रीमियम पॉलिसियों के लिए : एकल प्रीमियम का 125% या मूल बीमा राशि से जो भी अधिक हो ।

- अतिरिक्त प्रीमियम का भुगतान करने पर दो प्रकार के वैकल्पिक राइडर्स अर्थात दुर्घटना मृत्यु व विकलांगता लाभ राइडर और दुर्घटना लाभ राइडर उपलब्ध है।
- 5 वर्ष की अवधि के बाद परिपक्वता/मृत्यु लाभ प्राप्त करने के लिए निपटान विकल्प उपलब्ध है।

यह योजना हमारी वेबसाइट www.licindia.in पर ऑनलाइन बिक्री के लिए उपलब्ध है । इस योजना को अभिकर्ताओं, कॉर्पोरेट अभिकर्ताओं, ब्रोकर्स , बीमा विपणन फर्मों (आईएमएफ) के माध्यम से ऑफ़लाइन खरीदा जा सकता है।

यह एक नॉन-लिंक्ड व नॉन-पार्टिसिपेटिंग योजना है।

27 जुलाई, 2023 को मुंबई में दिनांकित

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: कार्यकारी निदेशक (सीसी)

भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई। ईमेल आईडी : ed_cc@licindia.com

www.licindia.in पर हमसे जुड़े ।

हमारा मानना है कि इस विज्ञप्ति में शामिल समाचार आपके पाठकों के लिए उपयोगी हैं। हालाँकि हम इसे यथाशीघ्र प्रकाशित करने के लिए आपको धन्यवाद देंगे। हम यह भी स्वीकार करते हैं कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आप पर निर्भर है।